# फुलेरा में जगह जगह पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का आयोजन

राजस्थान दर्शन



**फुलेरा।** फुलेरा में बुधवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा वृक्षारोपण महा अभियान हरियालो राजस्थान के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम के तहत विभिन्न स्कूलों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वार जगह-जगह पर पौधारोपण किया गया। इसके चलते क्षेत्र की जोबनेर सड़क स्थित सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक पेड माँ के नाम" अभियान को गति प्रदान कर विद्यालय प्रागण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. संजय यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान फुलेरा के पूर्व विधायक एवं ओबीसी के राष्ट्रीय सचिव निर्मल कुमावत, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष गजेन्द्र शेखावत, पार्षद सरदार सिंह, एस. डी. एम. सी. सदस्य शिक्षाविद एवं समाजसेवी शक्तिसिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण विद्यार्थियो ने वृक्षारोपण कर हरियाली तीज पर राजस्थान में 1 करोड़ पौधे लगाकर विश्व रिकोर्ड बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर जैव विविधता प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद शक्ति सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान का क्षेत्रफल 3 करोड़ 42 लाख हेक्टर है। लेकिन केवल 9.57% भाग पर ही वन है। उत्तर पश्चिम का 61% भाग तो मरूस्थल है। इस लिए हम सब राजस्थान वासियों का नैतिक कर्तव्य है कि अधिक से अधिक पेड़ लगा कर राजस्थान को हरा भरा बनाये। इसी क्रम में कस्बे की बालाजी बाईपास सड़क स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार कुमावत के नेतृत्व में विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। इसके अलावा पालिका प्रशासन एवं मेट चन्द्रशेखर गढ़वाल पिंटू के नेतृत्व में नरेगा कर्मियों ने भी राजीव गांधी कॉलोनी में हरिजन समाज शमशान घाट में भी वृक्षारोपण किया।